सम्पदा कार्यालय
डॉ० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा
(समस्तीपुर) बिहार - 848 125

पत्रांक संख्या- 108 **/सम्पदा शाखा, डॉ०रा०प्र०के०कृ०वि०, पूसा, दिनांक** 27 **मई, 2026**

।। नीलामी सूचना ।।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पदा शाखा, डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के अन्तर्गत बेकार पड़े दो नाव की नीलामी हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है ।

<u>नाव की नीलामी से संबंधित शर्ते</u>

1. निविदा पत्र बेवसाइट https://www.rpcau.ac.in से दिनांक 29.05.2026 से 12.06.2026 तक प्राप्त किया जा सकता है ।
2. ईच्छुक निविदाकर्मी दोनों नाव की वर्त्तमान स्थिति देखने के लिए कार्यालय अवधि के दौरान सम्पदा कार्यालय से सम्पर्क कर देख सकते हैं।
3. प्रत्येक निविदादाता को जमानत राशि के रुप में रू० 4,000/- (चार हजार रूपयें) मात्र का बैंक ड्राफ्ट, नियंत्रक, डा० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के नाम से पंजाब नेशनल बैंक को देय, जमा करना होगा ।
4. पूर्ण रुप से भरा हुआ निविदा पत्र आधार कार्ड, पैनकार्ड की स्वहस्ताक्षरित प्रति एवं जमानत राशि से संबंधित बैंक ड्राफ्ट सहित निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से दिनांक 12.06.2026 तक सम्पदा पदाधिकारी, सम्पदा शाखा, डा० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर (बिहार), पिन- 848125 के कार्यालय में अपराह्न 05.00 बजे तक निश्चित रुप से पहुँच जाना चाहिए। निर्धारित अवधि/समय के बाद प्राप्त कोई निविदा पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
5. नीलामी निविदा प्रपत्र में दोनों नावों के लिए एक साथ राशि अंकित करना होगा तथा नीलामी उच्चतर मूल्य अंकित करने वाले निविदादाता को किया जायेगा ।
6. नीलामी निविदा प्रपत्र सील बन्द लिफाफे के द्वारा स्वीकार्य किया जायेगा ।
7. जिन निविदादाताओं के निविदा पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में स-समय प्राप्त होगें उन्हें निविदा खुलने की तिथि दिनांक 15.06.2026 को उपस्थित रहना अनिवार्य है।
8. सफल निविदादाता को छोड़कर शेष सभी निविदादाताओं को जमानत राशि से संबंधित बैंक ड्राफ्ट निविदा समाप्ति के तुरन्त बाद उन्हे वापस कर दिया जायेगा ।
9. निविदा स्वीकृत के उपरान्त निविदा की सम्पूर्ण राशि नियमानुकुल G.S.T. सहित निलामी की कुल राशि का 25% निलामी के पश्चात तुरंत जमा करना होगा एवं शेष 75% राशि तीन दिनों के अंदर जमा कर नाव को एक सप्ताह के अंदर हटा लेना अनिवार्य होगा,अन्यथा जमानत की राशि जब्त करते हुए उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी ।
10. डा० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के किसी भी ईकाई के कर्मचारी अथवा रक्त संबंधी इस नीलामी में भाग नहीं ले सकते है ।
11. सामानों की नीलामी जो जहाँ भी जैसी स्थिति में है, के अनुसार रहेगा ।
12. नीलामी किसी भी समय अकारण स्थगित अथवा रदद करने का एवं किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित है ।

संलग्नः निविदा प्रपत्र

26/05/26
सम्पदा पदाधिकारी

प्रतिलिपिः-प्रभारी पदाधिकारी, ई-गवर्नेंस सेल (मुख्यालय), डॉ०रा०प्र०के०कृ०वि०, पूसा को उक्त नीलामी सूचना विश्वविद्यालय के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि:- कुलसचिव/नियंत्रक, डॉ०रा०प्र०के०कृ०वि०, पूसा को सूचनार्थ ।

सम्पदा कार्यालय
डॉ० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा
(समस्तीपुर) बिहार - **848 125**

निविदा प्रपत्र

सम्पदा शाखा, डॉ०रा०प्र०के०कृ०वि०, पूसा में अनुपयोगी एवं बेकार पड़े समानों की निलामी हेतु निविदा प्रपत्र

1. निविदा दाता का नाम ....
2. पिता का नाम ....
3. पत्राचार का पता ....
....
....
4. स्थायी पता ....
....
....
5. आधार संख्या (छायाप्रति संलग्न) ....
6. पैनकार्ड संख्या (छायाप्रति संलग्न) ....
7. मोबाईल नं० ....
8. निविदा की प्रस्तावित राशि (अंक एवं अक्षरों में) ....
9. बैंक का नाम एवं शाखा ....
10. बैंक ड्राफ्ट संख्या ....

शर्त्तों की अनुपालन संबंधी घोषणाः-

निविदा की आवश्यक शर्त्त मैंने जान ली है मैं वचन देता हूँ/देती हूँ कि स्वीकृति होने के बाद मैं सभी शर्त्तों के निष्ठा से पालन करूँगा/करूँगी।

निविदा दाता का हस्ताक्षर एवं तिथि